आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

"मुख्य समाचार"

- नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में सी.बी.आई. ने दर्ज की एफ.आई.आर.– जांच के लिए विशेष टीमें गठित।
- 16वें वित्त आयोग का दल आज से प्रदेश के दौरे पर– आयोग की राज्य सरकार के साथ कल अहम बैठक।
- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर सुविधाएं देने को विशेष प्राथमिकता दे रही सरकार।

और

- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर भाजपा प्रत्याशियों को फर्जी मुकद्दमों में फंसाने का लगाया आरोप।

............

नीट परीक्षा

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो सी.बी.आई. ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले में एफ.आई.आर. दर्ज की है। ब्यूरो के सूत्रों के मुताबिक, ये एफ.आई.आर. शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक की शिकायत पर दर्ज की गई है। मामले की जांच के लिए ब्यूरो की ओर से विशेष टीमों का गठन किया गया है। व्यापक जांच और बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए ब्यूरो द्वारा इस मामले में देश भर में दर्ज मामलों को भी अपने हाथ में लेने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्रालय ने पिछले कल राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट–यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए सी.बी.आई. को सौंप दिया था। शिक्षा मंत्रालय ने कथित अनियमितताओं की ब्यूरो से व्यापक जांच करने का आग्रह किया है। इसमें उम्मीदवारों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा साजिश, धोखाधड़ी, सबूतों को नष्ट करना और अन्य अनियमितताएं शामिल है। मंत्रालय ने परीक्षा के संचालन से जुड़े लोक सेवकों की भूमिका की जांच के लिए भी ब्यूरो से अनुरोध किया है।

## वित्त आयोग

16वें वित्त आयोग का एक दल आज से प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर है। वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अगुवाई वाले इस दल का मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने शिमला पहुंचने पर स्वागत किया। आयोग की कल 24 जून को राज्य सरकार के साथ शिमला में एक अहम बैठक होने जा रही है। इस बैठक के आधार पर आयोग आगामी 5 वर्षों के लिए आर्थिक मदद पर एक रिपोर्ट तैयार करेगा। उल्लेखनीय है कि अगले वर्ष पहली अप्रैल से वित्त आयोग की सिफारिशें लागू होनी हैं और इन्हीं सिफारिशों के तहत ही राज्यों के लिए राजस्व का वितरण होता है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के निर्माणाधीन नागरिक अस्पताल डाडासीबा का आज निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में ये अस्पताल 50 बिस्तर का बनाया जा रहा है और दूसरे चरण में इसकी क्षमता 100 बिस्तर तक बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने को विशेष प्राथमिकता दे रही है और इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जा रहे है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बताया कि हाल ही में प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 2 सौ पद भरने का निर्णय लिया गया है।

## चुनाव प्रचार

इस बीच, देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर के पक्ष में मुख्यमंत्री ने आज क्षेत्र में 5 जनसभाएं कीं। उन्होंने चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को जिताने का आह्वान किया और भरोसा दिलाया कि देहरा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के ईमानदार कार्यकर्ता देहरा में बिकाऊ पूर्व विधायक होशियार सिंह को टिकट मिलने से खुश नहीं हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से भी पार्टी विचारधारा से ऊपर उठकर लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में मतदान का आग्रह किया।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में 5 हज़ार से अधिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया आगामी जुलाई में शुरू की जाएगी। वे आज शिमला ज़िले के नंदपुर में एक करोड़ 62 लाख रूपए की लागत से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भवन के

उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के दुर्गम क्षेत्रों तक छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्रतिबद्धता है और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने मंढोल में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह की भी अध्यक्षता की।

किसान मोर्चा

प्रदेश भाजपा व किसान मोर्चा ने सेब कार्टन बॉक्स पर जीएसटी 18 से घटाकर 12 फीसदी करने की सिफारिश पर केन्द्र सरकार का आभार जताया है। पार्टी नेता व पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा और भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष संजीव देष्टा ने कहा कि प्रदेश में सेब कार्टन बॉक्स की कीमत कम होने से लाखों बागवानों को राहत मिल सकती है। इन नेताओं ने उम्मीद जताई कि आगामी बजट में इस संबंधी निर्णय लागू हो जाएगा। उन्होंने ये भी उम्मीद जताई कि आगामी समय में भी केन्द्र सरकार हिमाचल के हितों का ध्यान रखेगी।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह से नाकाम हो गई है और लोगों को परेशान करने के अलावा कोई काम नहीं कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि रोज़गार से लेकर विकास के मामले में वर्तमान सरकार पिछली सरकार के कामों को एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा पाई है। जयराम ठाकुर के अनुसार सरकार युवाओं को रोज़गार देने में भी विफल रही है और केवल अपने मित्रों के लिए ही काम किया जा रहा है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आई है और भाजपा के नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशियों को फर्जी मुकद्दमों में फंसाने की कोशिश हो रही है। इसके अलावा प्रदेश में कानून व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई है।

शूलिनी मेला

सोलन में चल रहे राज्यस्तरीय शूलिनी मेले का आज अंतिम दिन है। मेले के तीसरे व अंतिम दिन आज लोगों के आकर्षण के लिए खेल प्रतियोगिताओं सहित कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने मेले के अवसर पर आयोजित हैल्दी बेबी शो के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कहा कि इस

तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के पोषण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है। स्वास्थ्य मंत्री ने पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित रस्सा–कस्सी प्रतियोगिता के समापन समारोह की भी अध्यक्षता की। इस बीच, शूलिनी मेले के अवसर पर सोलन में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता भी आज संपन्न हुई।

जगत सिंह

जनजातीय विकास व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार वन अधिकार अधिनियम 2006 को जनजातीय जिलों में तत्काल प्रभाव से लागू करेगी। किन्नौर जिले के नाको में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि इससे उपेक्षित वर्गों को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी व कर्मचारी तय समय में कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान जगत सिंह नेगी ने जनसमस्याएं सुनीं और अधिकारियों को इनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

जयंती

प्रदेश के 6 बार के मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की आज जंयती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को खुशहाल और आधुनिक राज्य बनाने के लिए वीरभद्र सिंह के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चंबा जिले के प्रसिद्ध शक्ति स्थल भलेई माता मंदिर परिसर में आज नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस भवन के बनने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को रहने की अतिरिक्त व्यवस्था उपलब्ध हुई है। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष ने भटियात उपमण्डल के चुवाड़ी में छिंज मेले के अवसर पर कहा कि इस मेले को अगले वर्ष से ज़िलास्तरीय रूप से आयोजित किया जाएगा।

विधानसभा उपाध्यक्ष

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने सिरमौर ज़िले में रेणुका क्षेत्र के लानाचेता में आज जनसमस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर शेष समस्याओं के समाधान के लिए विभागों को निर्देश जारी किए। विनय कुमार ने कहा कि

रेणुका विधानसभा क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वे प्रयासरत्त हैं।

कराटे

राजधानी शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में दो दिवसीय ज़िलास्तरीय कराटे प्रतियोगिता आज संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में शिमला ज़िले से करीब 3 सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समापन अवसर पर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता 26 जून को होने वाली राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ये प्रतियोगिता कांगड़ा ज़िले के बैजनाथ में आयोजित की जाएगी।

मौसम

राजधानी शिमला समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए रहे। प्रदेश में हो रही प्री–मॉनसून बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों में अभी भी लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले दो से तीन दिन तक गरज के साथ वर्षा होने का अनुमान है, वहीं 28 जून तक प्रदेश में मॉनसून के सक्रिय होने की संभावना जताई गई है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं। यह कार्यक्रम 30 जून को आकाशवाणी से प्रसारित किया जाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सुझाव मॉय गोव् ओपन फोरम, नमो एप या टोल फ्री नंबर 1945–11–7800 पर रिकार्ड संदेश के रूप में भेजे जा सकते हैं। मन की बात के इस अंक के लिए सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद मन की बात रेडियो कार्यक्रम का ये एक सौ ग्यारहवां अंक है।

नमस्कार